# माइक्रोसाफ्ट फ्रांस के सीईओ से मिले छात्र

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस के छात्रों ने यूरोप में इंडस्ट्री विजिट किया। इस दौरान छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट फ्रांस के सीईओ ओलिवियर एल के साथ एक सेशन में भाग लेने का मौका मिला। उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत कर उन्हें आंत्रप्रेन्योर को करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

माइक्रोसॉफ्ट फ्रांस के सीईओ आंत्रप्रेन्योर के विकास को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किए गए मजबूत सपोर्ट मैकेनिज्म और इकोसिस्टम की जानकारी दी। इसके अलावा छात्रों ने जर्मनी के म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू का भी दौरा किया जहां उन्होंने आटोमोटिव इंडस्ट्री के बारे में जानकारी प्राप्त की। यूपीईएस में ग्लोबल इमर्शन प्रोग्राम लीडरशिप स्किल, क्रिएटिव थिंकिंग और एनालिटिकल अबिलिटीज पर जोर देते हुए इंटरनेशनल एक्सपोजर प्रदान करता है। हाल ही में यूपीईएस के एमबीए छात्रों ने नार्वे और मलेशिया में इमर्शन प्रोग्राम में भाग लिया, जहां उन्होंने इंटरनेशनल बिजनेस प्रैक्टिसेज और कल्चरल नुएन्सेस का अनुभव प्राप्त किया। विभिन्न विषयों में 50 से अधिक यूपीईएस के छात्र इस वर्ष क्वींसलैंड विश्वविद्यालय और एबरडीन विश्वविद्यालय जैसे इंटरनेशनल पार्टनर्स से अपनी अकादमिक यात्रा शुरू करेंगे।

इंटरनेशनल एक्सपोजर छात्रों को डाइवर्स मार्केट्स में नेविगेट करने, क्रास बार्डर डायनामिक्स को समझने और ग्लोबल टीमों के साथ सहयोग करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा यूपीईएस एक्सचेंज प्रोग्राम चलाता है जो छात्रों और शिक्षकों को साल में दो बार क्रास कल्चरल अकादमिक एक्सचेंज के अवसर प्रदान करता है। साथ ही सेमेस्टर-विदेश कार्यक्रम छात्रों को प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज में अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करता है।

■ जर्मनी में बीएमडब्ल्यू मुख्यालय का किया दौरा

■ मजबूत सपोर्ट मैकेनिज्म और इकोसिस्टम की जानकारी दी




विदेश में अकादमिक भ्रमण करते यूपीईएस के छात्र।